**01-06-2023**

# प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बांटे गये प्रमाणपत्र



**युवती को प्रमाण पत्र देते निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन।**

कानपुर। केंद्रीय एवं राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तकनीकी अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम क अंतिम दिन प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने कहाकि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्राप्त ज्ञान का उपयोग प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अधिकारी विभिन्न चीनी मिलों एवं डिस्टलरियों की जांच में करेंगे। साथ ही इन उद्योगों को प्रदूषण नियंत्रण की नवीनतम तकनीकी प्रदान करेंगे। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किये। कार्यक्रम की संयोजक डा. सीमा परोहा ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों का प्रतिभागियों को नामित करने केलिए धन्यवाद प्रदान किया।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**आज का कानपुर**

कानपुर । केंद्रीय एवं राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तकनीकी अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर में समाप्त हुआ। कार्यक्रम में पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल इत्यादि के प्रतिभागियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक श्री नरेंद्र मोहन ने आशा व्यक्त की कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्राप्त ज्ञान का उपयोग प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अधिकारी विभिन्न चीनी मिलों एवं डिस्टतरियों की जांच में करेंगे साथ ही इन उद्योगों को प्रदूषण नियंत्रण की नवीनतम तकनीकी प्रदान करेंगे। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।कार्यक्रम की संयोजक डॉ सीमा परोहा ने प्रदूषण नियंत्रण बोडों का प्रतिभागियों को नामित करने हेतु धन्यवाद प्रदान किया।